वर्ष : 01 अंक 253
अररिया
शुक्रवार, 06 सितंबर 2024
वर्ष : 2024
पृष्ठ 01
मूल्य : निशुल्क

डिजीटल दैनिक न्यूज पेपर
नजरिया न्यूज
NAJARIA NEWS & SERVICES PRIVATE LIMITED द्वारा संचालित

Regd : Under Ministry of Corporate Affairs, Govt. Of India Regn. No-(CIN) : U18200BR2023PTC064280
website : - www.najarianews.in

मूल्य : निशुल्क
Email Id :- najarianewsofficial@gmail.com

# प्रशासन की कार्यशैली पर उठने लगे सवाल

नजरिया न्यूज़। भरगामा।
प्रखंड के खुटहा बैजनाथपुर गांव में बीते दिनों चार बीघा जमीन में लगी धान के फसल को दवा छींटकर जलाने मामले में पुलिसिया कार्रवाई पर लोग सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बीते 28 अगस्त की रात्रि गांव के ही कुछ लोगों ने उनकी जमीन खाता 412 खेसरा 2716,2715,2714 रकवा 3 एकड़ 68 डिसमिल में खेत में लगे धान की फसल को दवाई छीटकर जला दिया। मामले में ढाई लाख के फसल बर्बाद होने की बात कही गई थी। ग्रामीणों का कहना हैं कि मामले की जानकारी किसान शंभू शरण मेहता की पत्नी रेणु देवी द्वारा भरगामा थाना को आवेदन के माध्यम से भरगामा थाना को देने के बाद एसआई विभाष कुमार सिंह 30 अगस्त के दोपहर खुटहा स्थित उक्त जमीन पर पहुंच कर धान के क्षति का जायजा लिया था। मामले में मुकेश पासवान, उपेंद्र पासवान,दिलीप पासवान,महेंद्र पासवान एवम संजीत पासवान को नामजद आरोपी बनाया गया था। वही ग्रामीणों का कहना है कि मामले में उपेंद्र पासवान के द्वारा भी आवेदन पर भरगामा थाना में स्थानीय पैक्स अध्यक्ष जयप्रकाश मेहता समेत नौ लोगों पर 30 अगस्त की संध्या 9 बजे उसी भू खंड में लगे धान की फसल को दवाई छीटकर जलाने के आरोप में जवाबी प्राथमिकी दर्ज करवाया। जबकि जवाबी प्राथमिकी दर्ज करने वाले आवेदक के पास जमीन का कोई भी साक्ष्य मौजूद नहीं है इन सभी बातों को नजर अंदाज करते हुए प्रशासन की यह कार्यवाई किसी दबाव की ओर संकेत करता है। ग्रामीणों का कहना है कि धान की फसल में 28 अगस्त की रात्रि दवाई छीट कर जलाया गया। 29अगस्त को रेणु देवी ने अपने जमीन में लगे धान की फसल को दवाई छीटकर जला देने को लेकर भरगामा थाना को आवेदन के माध्यम से सूचना दी।जिसके आलोक में भरगामा थाना के एसआई विभाष कुमार सिंह उक्त भू खंड पर 30 अगस्त के दोपहर पहुंच कर फसल क्षति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा उक्त भू खंड पर एसआई श्री सिंह के द्वारा मामले के जांच के दौरान मोबाइल से जीपीएस के माध्यम से फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग किया गया। बाबजूद इसके भरगामा थाना द्वारा स्थानीय पैक्स अध्यक्ष समेत जमीन मालिक रंजू देवी के पति शंभू शरण मेहता समेत नौ लोगों को बगैर स्थल निरिक्षण के नामजद आरोपी बनाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस प्रशासन द्वारा जांच किए जाने के बावजूद भी किसान पक्ष पर मामला दर्ज कराया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्रामीणों ने मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। इधर थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी संतोष कुमार पोद्दार ने बताया काउंटर प्राथमिकी कानून का एक अभिन्न हिस्सा है। दोनों पक्ष को अपना अपना पक्ष रखने का हक है। दोनों प्राथमिकी का अनुसंधान होता है जिससे सच्चाई को सामने लाने में सुविधा होती है। हमारी प्राथमिकता है निर्दोष फंसे नहीं दोषी किसी भी सुरत में बचे नहीं।




# गंदगी के ढेर पर बुद्ध की प्रतिमा,ग्रामीण नाराज

नजरिया न्यूज़। भरगामा।
प्रखंड के महथावा बाजार की हृदय स्थली कहीं जाने वाली बुद्ध चौक पर स्थापित बुद्ध की प्रतिमा के इर्द–गिर्द गंदगियों का अंबार, ग्रामीण में नाराजगी।
भरगामा प्रखंड के महथावा बाजार जो आसपास के गांव का एकमात्र बडा बाजार है हजारों लोग अपने दिनचर्या के सामानों की खरीददारी के लिए यहां आते है। जबकि अनुमंडल फारबिसगंज सहरसा जिला मुख्यालय अररिया पूर्णिया पटना व अन्यत्र जाने के लिए यहीं से बस भी पढ़ते हैं यात्री यहां पर पहुंचने के बाद बेबस और लाचार दिखते हैं बुद्ध चौक के इर्द–गिर्द गंदगियों और किसानों का अंबार लगा हुआ है जिससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है खासकर महिलाओं को शर्मसार होना पड़ता है।
पंचायत के मुखिया प्रतिनिधी कुलदीप यादव बताते हैं बुद्ध चौक के समीप के ग्रामीण के द्वारा घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी सड़क पर बहा दिया जाता है जिससे पुरे दिन दुर्गन्धयुक्त पानी बजबजाते रहता है। व सडांस बदबू निकलते रहता है जिससे आसपास की दुकानदार सहित यात्रियों को नाक पर कपड़ा रखकर निकालना पड़ता है।
हलांकि प्रतिदिन शाम के समप लगने वाले सब्जी बाजार भी इसी गंदगी के उपर लगता है खरीददार भी मन मारकर सब्जी खरीदते हैं। इतना ही नहीं गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी काफी बढ़ गया है जिसपर स्वास्थ्य विभाग भी उदासीन है। विभाग के द्वारा ना तो डीडीटी पाउडर का छिडकाव किया जाता है। ना हीं कोई ठोस उपाय। विदित हो कि इस रास्ते से प्रतिदिन आला अधिकारी एवं प्रशासन के लोग गुजरते हैं परेशानी उन्हे भी होती है लेकिन इस मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए है।



# अमर शहीद जगदेव प्रसाद का 50 वां शहादत दिवस समारोह पूर्वक मनाया

नजरिया न्यूज़। भरगामा।
अमर शहीद जगदेव प्रसाद का 50 वां शहादत दिवस रेणु साहित्य परिसर में समारोह पूर्वक मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता फ्रेंड्स ऑफ आनंद के प्रदेश अध्यक्ष अजय अकेला ने की। समारोह का आगाज श्रद्धेय जगदेव प्रसाद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात किया गया।
मौके पर पूर्व जिला पार्षद सत्यनारायण यादव ने कहा– शहीद जगदेव प्रसाद जिंदगी के आखिरी क्षण तक समतामूलक समाज निर्माण का संघर्ष करते रहे। वे अपने ठोस एवं मजबूत इरादे को लेकर मेहनतकशों की आवाज बन कर उभरे थे। गयानंद सिंह ने कहा– आज सामाजिक विसंगतियाँ जो कुछ कम हुई है, उसमें शहीद जगदेव प्रसाद जैसे राष्ट्र भक्तों की बहुत बड़ी देन है, और जिसे देश कभी नहीं भुलेगा। वरीय अधिवक्ता भूप नारायण मेहता ने कहा –वे वी.पी मंडल सरकार में सिंचाई एवं बिजली मंत्री बने थे, मगर मूलतः वे एक क्रांतिकारी योद्धा थे। नागेश्वर कमल ने कहा– 5 सितंबर 1974 को गरीबों के ज्वलंत सवालों को लेकर जब जगदेव प्रसाद कुर्था ब्लॉक में भाषण कर रहे थे उसी वक्त उन्हें गोली मार दी गई थी। अजय अकेला में अपने समापन संबोधन में कहा– शहीद जगदेव प्रसाद सिर्फ राजनीतिक चेहरा नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक,एवं ज्वलंत मुद्दों का सम्यक समाधान थे। उनका सांस्कृतिक, सामाजिक पक्ष बहुत ही सशक्त था। उन्होंने सामाजिक न्याय को बेहतरीन तरीके से परिभाषित किया। समारोह में संत सदानंद दास, खेलानंद मेहता, डा रामदेव मेहता, पृथ्वी मंडल,रेणु कोचिंग के प्राधानाचार्य विद्यानंद यादव ,राजेंद्र मंडल, सदानंद मेहता, सुरंजन यादव, सदानंद मेहता, रामचंद्र मेहता के अलावा रेणु कोचिंग सेंटर के छात्र एवं छात्राओं ने भी भारी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



# शिक्षक दिवस पर कार्यक्रमों की धूम रही। छात्रों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया

नजरिया न्यूज़ ।भरगामा।
प्रखंड के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रमों की धूम रही। छात्र एवम शिक्षको ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। आदर्श मध्य विद्यालय भरगामा, मध्य विद्यालय रघुनाथपुर गोठ समेत अन्य विद्यालय में देश के प्रतिष्ठित विद्वान शिक्षक, प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति के पद को सुशोभित करने वाले सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन के आदर्श को याद करने के लिए अति उत्साह के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। एच एम परमानंद साह ने कहा कि एक शिक्षक से राष्ट्रपति तक का सफर और शिक्षा व्यवस्था में महती योगदान देकर आज भी वे प्रासंगिक है। गणेश तिवारी ने कहा कि सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन को भारतीय संस्कृति, भारतीय शिक्षा, भारतीय एकता और अस्मिता को लेकर बहुत गर्व था। वे सदा शिक्षा में विकासोन्मुख विचार रखते थे। स्कूल के बच्चे इस दिवस पर शिक्षकों के सम्मान के प्रति काफी उत्साह दिखा। मौके पर एच एम परमानंद साह,अनिल कुमार, राघव कुमार, चंद्रकिशोर मंडल, आफताब,रश्मि कुमारी,पूनम कुमारी,विकास कुमार ,संजीव कुमार,संजय कुमार, मनीषा कुमारी,प्रियंका कुमारी,सुपर कुमारी, अरविंद कुमार, मसनून आलम,दिलीप कुमार,बबिता भारती , नूतन कुमारी, अविनाश कुमार,नीतीश भारती ,अर्पित पटेल,राजिश सलीम,पप्पू कुमार ,और प्रधानाध्यापक गणेश तिवारी उपस्थित थे।





# सांसद को मिली धमकी पर समाजसेवियों ने किया निंदा

नजरिया न्यूज़। भरगामा।
अररिया के भाजपा सांसद प्रदीप सिंह को जान से मारने की धमकी देने के साथ रंगदारी मांगे जाने जाने का भाजपा नेताओं ने कड़ी भर्त्सना करते हुए अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग प्रशासन से की है। इस बावत भाजपा प्रदेश नेत्री रेखा भारतीय ने कहा अररिया के सांसद प्रदीप सिंह काफी जनप्रिय नेता है। उन्हें फोन पर नेपाली नंबर से रंगदारी मांगना तथा जान मारने की धमकी देना काफी गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में अपराधियों को ऐसी खुली छूट नहीं है।
उन्प्रहोंने शासन से इस मामले की अभिलंब जांच कर दोषी पर सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हुए राज्य सरकार से सांसद की सुरक्षा बढ़ाई जाने की मांग की है । इस घटना की भर्त्सना करने वालों में दिव्य प्रकाश यादवेंदू विजय यादव,भाजपा नेता अशोक कुमार सिंह,जदयू प्रखंड अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव , मंडल अध्यक्ष नित्यानंद मेहता, भाजपा नेता दीपक कुमार मुन्ना , राजकुमार गुप्ता, समाजसेवी रमण सिंह, राकेश रंजन परिहार, आशीष सिंह सोलंकी, परमानंद शाह , राजेंद्र मिश्र, संजय मिश्र , चंदन सिंह , रघुनंदन शाह , नटवर ठाकुर , रानी देवी , अनिल झा , पूर्व मुखिया जयराम मंडल , पूर्व मुखिया पूनम कुमारी , युवा नेता बबलू रजक , कुंदन सिंह आदि शामिल है , इन लोगों ने राज्य सरकार से सांसद प्रदीप सिंह को विशेष सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।



# प्रखंड क्षेत्र में बिजली के जर्जर तार को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

नजरिया न्यूज़। भरगामा।
भरगामा प्रखंड क्षेत्र के कई गांवो में बिजली के नंगे व जर्जर तार को लेकर लोग डरे समय है। आए दिन बिजली के तार टूटने से छोटी से लेकर बड़ी घटनाएं इस क्षेत्र में प्रतिवेदित होते रहती है। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा तार को बदलने या दुरुस्त करने के दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं होता दिख लोगों में आक्रोश उबाल पर है। बिजली की तार को लेकर इस क्षेत्र में लोग इतने भयभीत है कि सड़क के किनारे अगर कोई मूत्र भी त्याग करते हैं तो ऊपर अपना सर उठा कर देखते हैं कि कहीं ऊपर से तार तो नहीं गुजरी है। अगर ऐसे लोगों को अपने सर के ऊपर तार दिख जाता है तो वह वहां से डर के मारे फौरन हट जाते हैं। इस प्रखंड क्षेत्र में तार की जर्जरता का आलम यह है की हल्की बारिश होने के बाद सुदूर ग्रामीण इलाकों में 24 से 48 घंटा तक बिजली गुल रहती है। वहीं तार टूटने व तार से चिंगारी निकलने की घटनाएं तो कही न कही हमेशा होते रहती है। खासकर क्षेत्र का सुदूरवर्ती शंकरपुर , जयनगर , कुशमौल ,गम्हरिया सिमरबनी, भैयाराम बिशनपुर, मौजहा , जहद , नया भरगामा , टपड़ा , विषहरिया , बरमोतरा , हरिपुर कला सहित एक दर्जन अन्य गांवों में बिजली की तार काफी जर्जर हो चुकी है। इतना ही नहीं महथावा बाजार स्थित राय टोला, हिंगवा चौक व आदिवासी टोला , पेट्रोल पंप से आगे एनएच सडक से सटे शर्मा टोला सहित कई ऐसे गांव है जिसके अधिकांश घरों के ऊपर से 11 हजार हाई वोल्टेज की तार गुजरी है। इन गांव में तार के नीचे के गृह स्वामियों को बिजली की चपेट में आने का डर हमेशा सताते रहता है। हाल ही में भरगामा पेट्रोल पंप से आगे एनएच सड़क के किनारे एक व्यक्ति के घर के ऊपर 11 हजार की तार टूटकर गिर गई । जिससे उसके दो गाय झुलसने से मौत हो गया। वही जयनगर वार्ड संख्या 5 में बिजली के नंगे तार को लेकर लोग बिजली विभाग के खिलाफ जयनगर गत मंगलवार को जर्जर तार के नजदीक प्रदर्शन कर बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया था। यहा के ग्रामीण सुमन सिंह, बच्चन झा, मोल यादव , नारायण यादव ,सरोज झा , दुर्गानंद यादव , रुदल तांती ,विमल झा , विकाश झा आदि नें बताया जयनगर स्कुल चौक से मुख्य मार्ग के बगल स्थित वार्ड संख्या 5 तक जगह – जगह बिजली का तार जर्जर हाल में पहुंच चुका है। यहा बिजली की नंगी तार बस्ती के उपर से गुजरती हैं। लेकिन इस पर बिजली विभाग के अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है । वहीं बिजली की जर्जर तार को दुरुस्त करवाने के लिए कई बार क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश यादव से भी आग्रह किया गया। लेकिन वह भी सुधि नहीं लेते हैं। बताया महज कुछ माह पूर्व हीं वार्ड संख्या 5 निवासी मोल यादव का एक दुधारू भैंस बिजली के संपर्क में आने से मौत हो गई थी। वहीं मोल यादव को भी बिजली के करंट से धायल हो गये थे। इस घटना से आहत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने इससे पूर्व भी घंटो महथावा – सैफगज मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था। इधर बुधवार को भी दिन के 12 बजे पाट छुडाने के क्रम में तार गिरने से जयनगर मे एक महिला की मौत हो गई। जयनगर वार्ड संख्या 1 मे प्राथमिक विद्यालय खतबे टोला व आंगनबाड़ी केंद्र के पास 11 हजार तार के गिरने से मनोज चौपाल की 35 वर्षीय पत्नी भोली देवी बिजली करंट की चपेट में आ गई । बताया जाता है कि पाट छुड़ाने के इसी क्रम में 11 बिजली का जर्जर तार टूट कर उसके शरीर पर गिर पड़ा। जिससे उसकी मौत हो गई। इधर मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता अनुराग कुमार ने बताया जयनगर मे जर्जर बिजली के तार की सूचना मिली है। प्रखंड क्षेत्र के अन्य जगहों पर भी बिजली के तार जर्जर होने की सुचना मिला हे। जल्द ही जर्जर तार का नवीकरण कराया जाएगा।





# रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज फारबिसगंज में शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



नजरिया न्यूज़ विकास प्रकाश फारबिसगंज/अररिया। दिनांक 5.9.2024 को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज फारबिसगंज में मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राध्यापकों के साथ शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया के प्राचार्य एस.के. झा,अररिया कॉलेज अररिया के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार पाठक,नवोदय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्री डीके साहू, मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के पूर्व प्राचार्य डा. बी. एन. झा, फणीश्वर नाथ रेणु इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र गुप्ता, मोहिनी देवी मेमोरीयल स्कूल के निदेशक डॉ. संजय प्रधान, प्राचार्य श्री राजेश रंजन, रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर श्री सुभेंदु मुखर्जी, प्राचार्य मो. राशिद, सक्रिय सदस्य ललित जैन, अररिया नगर पालिका के उप–मुख्यपार्षद श्री गौतम साह उपस्थित थे। कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाने के लिए छात्र–छात्राओं ने नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों को मनमुग्ध किया। उपस्थित अतिथियों के द्वारा शिक्षक दिवस की महत्ता पर अपने–अपने विचार व्यक्त किये और कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे हैं। वे भारतीय संस्कृति के संवाहक प्रख्यात शिक्षाविद् महान दार्शनिक और एक आस्थावान हिंदू विचारक थे। उनके इन्हीं गुणो के कारण सन 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया था। उनका जन्मदिन भारत में प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के निदेशक डॉ. संजय प्रधान के द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों को बुके देकर एवं शाल ओढ़ाकर तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ संजय प्रधान द्वारा श्री राजेश रंजन एवं सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। वही आज इस अवसर पर स्थानीय सरकारी विद्यालय के महिला शिक्षिकाओं को निदेशक डॉ संजय प्रधान ने विद्यालय प्रांगण में बुके एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मोहनी देवी मेमोरियल स्कूल प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस पर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित करते आ रही है।

# भाकपा ने बढ़ते मंहगाई अपराध व भ्र्ष्टाचार के विरोध में मोदी सरकार का किया पुतला दहन




असमस्तीपुर/दलसिंहसराय (राज कुमार सिंह)
भाकपा अंचल परिषद दलसिंहसराय की ओर से गुरुवार को कॉमरेड राम विलास शर्मा की अध्यक्षता में शहर के महावीर चौक पर प्रतिरोध सभा कर केंद्र सरकार के द्वारा बढ़ते महंगाई,अपराध एवं भ्र्ष्टाचार के विरोध में मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए अंचलमंत्री विनोद कुमार समीर ने कहा कि मोदी सरकार में महंगाई चरम सीमा पार कर गई है। मध्यम वर्ग, निम्न वर्ग, किसान मजदूरों को जीना दुर्लभ हो गया है। मौके पर सभा को शंकर राम, महेश्वर राम, गिरधर झा, मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद निजाम, तपेश चौधरी, जगदेव दास, पांचो पासवान, उमेश राम, राम सेवक दास, प्रभात कुमार सिंह, धर्मबीर प्रकास, अशोक रजक आदि ने सम्बोधित किया।

# लोक अदालत के मामलों के निष्पादन पर हुई चर्चा को लेकर बैठक



नजरिया न्यूज़ अररिया। 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत होना सुनिश्चित है। इसकी सफलता को लेकर डीएलएसए सचिव रोहित श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उनके प्रकोष्ठ में न्यायिक पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। जिसमें अधिक से अधिक सुलहनीय मामलों को चिह्नित कर उनमें पक्षकारों को नोटिस जारी करने तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर मामलों का निष्पादित करने पर विचार विमर्श किया गया। सचिव श्री श्रीवास्तव ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनुसार लोक अदालतों का आयोजन किया जाता रहा है। लोक अदालत द्वारा आमाजन को त्वरित और सस्ता न्याय प्रदान करने का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लोक अदालत 14 सितंबर को होना तय है। इस बार पिछले आयोजन की तुलना में अधिक से अधिक सुलहनीय वादों को निष्पादित कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास किया जाना है। इसकी सफलता को लेकर हर संभव प्रयास जारी है। इसको लेकर विभिन्न विभागों व बैंक अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें आयोजित की जा रही है।

# भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशक ने लिया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का लिया जाएजा

**–जिले में अब तक निर्धारित लक्ष्य का 80 % कवरेज**
**–फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में चल रहा मॉप अप राउंड**




नजरिया न्यूज़ समस्तीपुर
जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जा रहा है. जिसमें अब तक जिले शहरी एवं 20 प्रखंड के 51,40,930 लक्षित लोगों के विरुद्ध 41,30,930 लोगों (80.4%) को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई है. कार्यक्रम के सघन निगरानी एवं मूल्यांकन को लेकर लेकर भारत सरकार के परिवार एवं कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रवि शंकर सिंह के द्वारा दो दिवसीय निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया. डॉ रवि शंकर सिंह ने खानपुर प्रखंड के शोभन गांव एवं वारिसनगर के रामपुर विशुन गांव का भ्रमण किया। तथा दूसरे दिन गुरुवार को चलाए गए फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का जाएजा जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. विजय कुमार एवं सहयोगी संस्था के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा कर लिया. समीक्षा के दौरान उन्हें अवगत कराया गया कि जिले में 10 अगस्त से 24 अगस्त तक सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत लोगों को घर–घर दवा खिलाए गए। वही 27 से 31 सितंबर तक बूथ स्तर पर लोगों को दवा खिलाई गई। 2 सितंबर से लेकर 10 सितंबर तक मॉप अप राउंड के तहत छूटे हुए लोगों को दवा खिलाई जा रही है।

**अभियान के तहत खिलाए गए दवा एवं परिवारों के लोगों से मिलकर लिया फीडबैक :**
डॉ. सिंह ने संबंधित गांव के लोगों के परिवारों के साथ मिलकर कार्यक्रम से संबंधित फीडबैक लिया तथा दोनों प्रखंड के विभिन्न घरों में जाकर परिवार पंजी के साथ उन्होंने कार्य का सत्यापन किया। प्रखंड स्तर पर माइक्रो प्लान, ट्रेनिंग प्लान, भ्रमण प्लान और प्रखंड समन्वय समिति की बैठक में लिए गए निर्णय का भी मूल्यांकन किया। इस दौरान दोनों प्रखंड के कार्यों को देखकर काफी प्रसन्न हुए एवं कार्यों की सराहना किया।

**साल में एक बार करना होता है दवा का सेवन :**
जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉक्टर विजय कुमार ने बताया ने बताया कि केन्द्र सरकार के गाइडलाइन के अनुसार, फाइलेरिया से बचाव और रोकथाम के लिए साल में एक बार फाइलेरिया रोधी दवाओं अल्बेंडाजोल, डीईसी और आइवरमैकटिन का सेवन पर्याप्त है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति लगातार 5 वर्षो तक दवाओं का सेवन करता है तो उन्हें आजीवन फाइलेरिया होने की संभावना नहीं रहती है. उन्होंने बताया कि ज्यादा दिनों तक बुखार रहे, पुरुष के जननांग में या महिलाओं के स्तन में दर्द या सूजन रहे और खुजली हो, हाथ–पैर में भी सूजन या दर्द रहे तो यह फाइलेरिया होने के लक्षण हैं। तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। इस मौके पर भीबीडीसी कंसलटेंट संतोष कुमार, भीबीडीएस अमरेंद्र कुमार गुप्ता, पंकज कुमार, पीएचसी खानपुर के प्रभारी चिकित्सा और बीएचएम एवं वारिसनगर के बीसीएम, पिरामल के प्रोग्राम ऑफिसर जयशंकर चौधरी, पीसीआई के रणधीर कुमार, सीफार के अमन कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे.

# लिपिक के तीन, टंकक के एक व अनुसेवक के तीन पदों पर होगी नियुक्ति

नजरिया न्यूज अररिया। जिला व सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह डीएलएसए सेक्रेटरी रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि नालसा नई दिल्ली के द्वारा जारी एलएडीसी योजना–2022 के अंतर्गत बालसा पटना के दिये गये दिशा निर्देश व निर्धारित मानदंडों के आधार पर न्यायमंडल के लीगल एड डिफेंस कौसिल (एलएडीसी) कार्यालय अररिया में लिपिक के 03 पद, टंकक के 01 पद व अनुसेवक के 03 पदों पर नियुक्ति होनी है. यह नियुक्ति निर्देशानुसार डीएलएसए का तत्वावधान में जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से किया जायेगा. बताया गया है कि जिला रोजगार कार्यालय से उचित अहर्ता रखने वाले अभ्यर्थियों की सूची की मांग 09 सितंबर 2024 रखी गई हैं. यह भी बताया गया कि उपरोक्त नियुक्तियों के अहर्ता, मानदेय व विस्तृत विवरण के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के नोटिश बोर्ड, न्यायमंडल अररिया के वेवसाइट व जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क कर किया जा सकता है.।







